श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़-२४९१९९

Sri Dev Suman Uttarakhand University

Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

पत्रांकः– 660/आर0ओ0/एसडीएसयूवी/2026 दिनांकः 04 मई, 2026

प्रेस विज्ञप्ति / सूचना

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल के परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 की विभिन्न कक्षाओं में **प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण दिनांक 01 मई, 2026 से प्रारम्भ कर दिये गये हैं।** पंजीकरण हेतु अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल की वेबसाईट **https://ukadmission.samarth.ac.in** के माध्यम से रू0 50.00 ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। अभ्यर्थी विभिन्न स्नातक परम्परागत पाठ्यक्रमों/व्यवसायिक पाठ्यक्रमों, जहाँ पर प्रवेश हेतु अर्हता इण्टरमीडिएट निर्धारित की गयी है के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण कर सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को पंजीकरण शुल्क केवल एक ही बार जमा करना होगा। चूंकि समस्त बोर्डों द्वारा इन्टरमीडिएट कक्षाओं के परीक्षाफल घोषित किये जा चुके हैं। अतः श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल की स्नातक कक्षाओं (बी० ए०, बी०एस0सी०, बी० कॉम० तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम जहाँ पर प्रवेश हेतु अर्हता 10+2 निर्धारित है) के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण किये जाने हेतु **अन्तिम तिथि 30 मई, 2026 निर्धारित की जा रही है।**

अन्तिम तिथि के उपरान्त स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण करवाया जाना सम्भव नहीं होगा, विस्तृत जानकारी समर्थ पोर्टल की वैबसाईट **https://ukadmission.samarth.ac.in** से प्राप्त की जा सकती है।

(दिनेश चन्द्रा),
कुलसचिव।

<u>प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. सम्पादक, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, शाह टाइम्स, दैनिक भास्कर, समाचार पत्रों को इस आशय से कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को छात्र–हित में मध्यनजर रखते हुये अपने सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
3. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय।
4. निदेशक/प्राचार्य, विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश, नैखरी, गोपेश्वर।
5. निदेशक/प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान।
6. विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट हेतु।
7. कार्यालय प्रति।

(दिनेश चन्द्रा),
कुलसचिव।